# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
03/04/2023

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Hindustan, Varanasi, (UP)**

# सात जोन, 26 सेक्टर में बंटी रही अयोध्या की सुरक्षा

अयोध्या, संवाददाता। रामनवमी मेले में अयोध्या का सुरक्षा घेरा सख्त रहा। रामनगरी को सात जोन, 26 सेक्टर व 65 माइक्रो सेक्टर में बांटा गया था। मेला क्षेत्र में पुलिस के अलावा पीएसी, आरएएफ, एटीएस समेत सीआरपीएफ के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। वहीं, जगह-जगह भीड़ का दबाव बढ़ने के कारण अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया।

रामनवमी मेला क्षेत्र के सुरक्षा की कमान एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया ने स्वयं संभाल रखी थी। यलो जोन में बनाए गए कंट्रोल रूम में आईजी प्रवीण कुमार व डीआईजी मुनिराज जी के साथ बैठकर वह पल-पल की गतिविधियों का जायजा लेते रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह पुलिस के साथ पीएसी, आरएएफ, सीआरपीएफ के जवान लगाए गए थे। जैसे-जैसे भीड़ बढ़ने लगी, अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने लगी।

नयाघाट, कनक भवन, तुलसी उद्यान व हनुमानगढ़ी पर भीड़ का अधिक दबाव होने के कारण भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। जगह-जगह भीड़ के कारण चोटहिल होने वाले लोगों की पुलिसकर्मी मदद करते रहे। वहीं, नयाघाट पर खलीलाबाद निवासी 45 वर्षीय महिला श्रद्धालु विमला देवी की हृदयाघात से मौत भी हो गई। महिला के मूर्छित होकर गिरने के बाद उसे राजकीय श्रीराम अस्पताल लाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।



अयोध्या मेले में आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैनात आरएएफ के जवान।

उधर, एएसपी स्तर के अधिकारी को जोन, डीएसपी स्तर के अधिकारी सेक्टर व उप निरीक्षक स्तर के लोग माइक्रो सेक्टर की जिम्मेदारी संभालते हुए सुरक्षा व्यवस्था व्यवस्थित करने में लगे रहे। सरयू तट पर एसडीआरएफ, जल पुलिस के जवान लोगों को नदी में सीमा के आगे जाने से रोकते रहे।

Dainik Jagaran, Jamshedpur, (JKD)

# सीओ को हटाने व दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग

संसू, पोटका : शुक्रवार को रामनवमी जुलूस में पथराव के बाद शनिवार को विजय बजरंग अखाड़ा समिति के लोग व ग्रामीण सीओ को हटाने समेत पथराव करने वाले दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े रहे। अखाड़ा समिति की ओर से एसडीओ पीयूष सिन्हा व ग्रामीणों ने एसडीओ को उपायुक्त के नाम पत्र सौंपा। साथ ही सांसद विद्युत वरण महतो व विधायक संजीव सरदार को इसकी प्रतिलिपि देकर कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों की ओर से दिए गए पत्र में कहा गया है कि अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ जाति विशेष के प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहे हैं। अखाड़ा के लाइसेंस धारी रतन सुनकर ने कहा कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी, तब तक हल्दीपोखर बाजार अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेगा। एसडीओ पीयूष सिन्हा लोगों को समझाने पहुंचे, लेकिन आखाड़ा समिति के लोग व ग्रामीण कार्रवाई करने की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीण एसपी मुकेश लुणायत, डीएसपी चंद्रशेखर आजाद, इंस्पेक्टर इंद्रदेव राम मौके पर डटे रहे।



सांसद विद्युत वरण महतो व विधायक संजीव सरदार के समक्ष अपनी बात रखते लाइसेंस धारी रतन सोनकर ● जागरण

> मैं जिला प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन कर रहा था। मैंने किसी की भावना को ठेस नहीं पहुंचाया है।
>
> - इम्तियाज अहमद, सीओ, पोटका।

## किसी प्रकार के अफवाह पर न दें ध्यान : इंद्रदेव राम

संसू, पोटका : इंस्पेक्टर इंद्रदेव राम ने हल्दीपोखर व हाता के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि किसी प्रकार के अफवाह पर ध्यान न दें और ना ही अफवाह फैलाएं। साथ ही इंटरनेट मीडिया पर किसी प्रकार का आपतिजनक पोस्ट न करें।

## घायल मुखिया से मिलने पहुंचे सांसद और विधायक

संसू, पोटका : शुक्रवार को पथराव की घटना में गंभीर रूप से घायल देवी कुमारी भूमिज से शनिवार को सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक संजीव सरदार, पूर्व विधायक मेनका सरदार, आदि ने नर्सिंग होम में मुलाकात की। मुखिया देवी कुमारी भूमिज की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर ले जाया गया।

Times City, Jamshedpur, (JKD)

# Flag march in Haldipokhar; RAF deployed in Jugsalai

## 'Probe Into Stone Pelting Underway'

Times News Network

**Jamshedpur:** A day after brawl broke out at Haldipokhar during the Ram Navami immersion processions, a tense calmness prevailed in the area on Saturday. The security forces conducted flag march amid the call of dawn-to-dusk bandh in the area.

SP (Rural) Mukesh Kumar Lunayat, who is camping in the area, said there was no report of any untoward incident till the filling of the report. Investigation into complaints of alleged pelting of stones by the mob on the processions is under way. Mukhiya Devi Kumari Bhumij was hurt after a bamboo stick that was used to carry the Ram Navami flag broke and fell on her leg in the melee, following the alleged stone pelting.

The representatives of the Vijay Bajrang Akhara Samiti met Jamshedpur MP Bidyut Mahato and sought police action against the unidentified stone pelters. They demanded the removal of the Circle Officer (CO) of Potka, Imtiaz Ahmed. The CO was not sincere in discharging his duties when the situation warranted his intervention, they alleged. The MP visited Haldipokar earlier in the day.

Meanwhile, deputy commissioner (DC) Vijaya Jadhav and senior superintendent of police (SSP) Prabhat Kumar visited Jugsalai on Saturday morning and met the members of akhara samitis. The administration has deployed RAF in the area and police mobility has been increased.

Police had resorted to lathi charge on the procession enthusiasts at Jugsalai Chowk when they attempted to squat on the railway track at Jugsalai level crossing and recite Hanuman chalisa in protest against administration's restriction on the use of DJ system. Further, stone was pelted on the security forces in which five police men sustained injuries. Besides, chantings of jai shri ram in the minority area also caused tension. The market in the area remained closed due to the bandh call given by the akhara samitis.



**ON TOES:** Security personnel carry out a flag march in trouble-torn areas of Jugsalai in Jamshedpur on Saturday. The march was led by deputy commissioner Vijaya Jadhav and senior superintendent of police Prabhat Kumar of East Singhbhum district

## Administration had to resort to power cuts due to tall flags

▸From P 1

Central control room sources said no untoward incident was reported when the processions organised by 45 out of the 91 akharas crossed the Jumma Masjid Road, where maximum security was deployed due to the Ramzan prayers.

However, the processions slowed down during the thunder shower that lashed the district between 4:30pm and 6pm.

Hazaribag deputy commissioner Nancy Sahay and superintendent of police Manoj Ratan Chothe were stationed at the watchtower in the heart of the town.

Yellow, red, and saffron colours filled the streets while the air reverberated with chants praising lord Ram and Hanuman. Akharas competed with each other in height of flag post and the dimension of the flag. More than 2 lakh people visited the Ram Navami Mela.

Tall flags that were a part of the processions forced the administration to resort to power cuts to avoid electrocution. Sunil Kumar, assistant engineer of JVNL, Hazaribag division, said that power cut was deliberately ensured to avoid accidents.

"In the area between the Jila School Mor and district board Chowk, several electric poles were broken and transmission lines snapped as some of the procession vehicles hit them. They are yet to be repaired," Kumar said.

There was a stray incident of stone pelting on one of the religious places by miscreants while the procession was passing on the way. The matter did not flare up as people of either community played it down realising the role of mishcevious elements behind the incident.

Representative image



Hazaribag deputy commissioner Nancy Sahay and superintendent of police Manoj Ratan Chothe were stationed at the watchtower in the heart of the town

**Dainik Jagaran, Jamshedpur, (JKD)**

# 21 लीटर दूध से भगवान राम का अभिषेक, हुआ कल्याणम

जासं, जमशेदपुर : बारीडीह स्थित आंध्र भक्त वाणी मंडली की ओर से बारीडीह दुर्गा मैदान में चल रामनवमी महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को भगवान राम का कल्याणम यानि विवाहोत्सव आयोजित किया गया। इसमें मां सीता के साथ भगवान राम का विवाह दक्षिण भारतीय रीति-रिवाज से हुआ। सबसे पहले भगवान राम का अभिषेक किया गया और विशेष पूजा हुई। अभिषेक 21 लीटर दूध से किया गया। इसके बाद मां सीता और भगवान राम के हल्दी की रस्म निभाई गई। उन्हें नए वस्त्र पहनाकर विवाह की विधि शुरू की गई। कल्याणम में वर-वधू पक्ष की ओर से पुरोहितों ने भगवान को वरमाला पहनाकर विवाह की रस्म पूरी की। सारे अनुष्ठान पंडित गौरिया शास्त्री ने संपन्न कराए।



भगवान राम के कल्याणम अनुष्ठान के दौरान उपस्थित भक्त व यजमान • जागरण






जुगसलाई गौरी शंकर रोड मंदिर अखाड़ा के लिए तैनात सुरक्षा कर्मी • जागरण



जुगसलाई शिव मंदिर अखाड़ा के जुलूस में करतब दिखाते युवक • जागरण



जुगसलाई गौरी शंकर रोड मंदिर अखाड़ा जुलूस में तलवारबाजी करते खिलाड़ी।

**वाल मंदिर अखाड़ा ने सबका जताया आभार :** इस बार रामनवमी जुलूस को लेकर विवाद की शुरुआत जिस अखाड़े से हुई, उस बाल मंदिर अखाड़े ने सबका आभार जताया है। आपस में लोगों ने मिल-जुलकर मामले को सुलझाया। अखाड़ा के सचिव सुमन अग्रवाल ने शहर के सभी राजनीतिक दल, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, धर्म जागरण मंच, बजरंग दल व अन्य हिंदू व सामाजिक संगठन के अलावा ट्रेलर व साउंड सिस्टम के मालिक का विशेष आभार जताया। अग्रवाल ने कहा कि बाल मंदिर अखाड़ा हिंदू शक्ति, राम भक्तों को नमन करती है। कल जो जमशेदपुर में हिंदू शक्ति ने एकजुटता दिखाई है, यह जीत उसी हिंदू शक्ति की विजय का प्रतीक है।

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**